अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 23 अप्रैल 2026
वैशाख शुक्ल-सप्तमी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO : 06 MIDDLE

टेकव्योम-2026 तकनीकी महोत्सव आज

बरेली (वि)। श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में गुरुवार (23 अप्रैल) को राष्ट्र स्तरीय तकनीकी महोत्सव ''टेकव्योम-2026'' का भव्य आयोजन होगा। इसका विषय ''टेकवर्सः आधुनिक नवाचारों का एक ब्रह्मांड'' रखा गया है। टायरो क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 50,000 रुपये तक की पुरस्कार राशि जीतने का अवसर मिलेगा। यह महोत्सव छात्रों, नवप्रवर्तकों और तकनीकी उत्साही लोगों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करेगा। इसमें नवीनतम तकनीकी प्रगति और नवाचारों को देखने का अवसर मिलेगा। विभिन्न प्रकार के टेक इवेंट आयोजित किए जाएंगे। इनमें टेक गैलरी, रोबो युद्ध और पूर्व छात्र मिलन समारोह प्रमुख हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति प्रातः 10 बजे श्री राममूर्ति स्मारक शक्ति प्रेक्षाग्रह में करेंगे। ट्रस्ट के सभी संस्थानों के छात्र-छात्राएं और विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी इसमें आमंत्रित हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन देवमूर्ति करेंगे। ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट सलाहकार ई. सुभाष मेहरा और प्राचार्य डॉ. प्रभाकर गुप्ता भी आयोजन में शामिल हैं। डायरेक्टर प्लेसमेंट डॉ. अनुज कुमार, मुख्य प्रॉक्टर ई. विवेक यादव और सभी विभागों के विभागाध्यक्ष भी सहयोग कर रहे हैं। ट्रस्ट ईवेंट को-आर्डिनेटर राहुल भट्ट एवं सदफ रसूल, टायरो प्रेसीडेंट स्वास्तिक और टायरो सचिव प्राची शर्मा भी आयोजन समिति का हिस्सा हैं।